हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

11 धन-संपत्ति की अपेक्षा भगवान को ही मांग लें

12 अल्टीमेटम खत्म, छात्राएं आज से शुरू करेंगी...

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री आज होली मिलन समारोह में आएंगे

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा शनिवार को बरवाला में होने वाले होली मिलन समारोह में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर वे बरवाला वासियों से रूबरू होंगे व उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे कुम्हार एकता दक्ष सभा भवन बरवाला में होगा। सभी विभागाध्यक्षों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने के दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस समेत युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** गांव बास में सीआईए टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। एएसआई सम्मत सिंह के अनुसार, पुलिस गश्त के दौरान बास पेटवाड़ रोड पर ईंट भट्ठे के पास युवक संदिग्ध हालत में मिला। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए। आरोपित की पहचान बास आजमशाहपुर निवासी सोनू के रूप में हुई। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान उससे हथियार की खरीद और संभावित वारदात के बारे में पूछताछ की जाएगी।

### आज पुराने शहर के कई क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी

**हिसार।** ऑटो मार्केट पावर हाउस में शनिवार को आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते यहां से चलने वाले सभी फीडर की सप्लाई सुबह 8 से 10 बजे तक बाधित रहेगी। इनमें प्रमुख रूप से क्लॉथ मार्केट, दिल्ली गेट, सिटी थाना, नागोरी गेट, डॉक्टर हॉटलाइन, डीएन चौक, बीकानेर चौक व तलाकी गेट फीडर शामिल है। मेंटेनेंस के चलते पुरानी ऑटो मार्केट, क्लाथ मार्केट, बूस्टिंग स्टेशन पटवार भवन, मोरी गेट, राजगुरु मार्केट, सिटी थाना, दिल्ली गेट, मोती बाजार, सिटी थाना रोड, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, टायल गार्डन, तलाकी गेट, ओल्ड ऋषि नगर, धोबी घाट, डीएन चौक, न्यू अग्रवाल कॉलोनी, गुरुद्वारा रोड, भामाशाह नगर, देवी भवन, मंडी रोड, बीकानेर चौक, रेड स्क्वेयर मार्केट, काठ मंडी तथा रामपुरा मोहल्ला में बिजली बाधित रहेगी।

## हिसार को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए निगम ने झोंकी ताकत

# स्वीपिंग मशीन के साथ 300 सफाई कर्मी भर्ती की तैयारी, मुख्यालय से मांगी मंजूरी

- पिछले वर्ष पिछड़ने से सबक लेते हुए सफाई के लिए उठाए अनेक कदम
- दो एजेंसियों की 149 गाड़ियां घरों से उठा रही कूड़ा, सफाईकर्मी भी जुटे
- अब ऐसी गुंजाइश नहीं कि लोग सड़कों पर कचरा फेंके या कूड़े के ढेर लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

स्वच्छता रैंकिंग में उच्च स्थान पाने के लिए नगर निगम ने कवायद तेज कर दी है। पिछले वर्ष रही रैंकिंग में सुधार, यहां तक कि प्रथम स्थान पर आने के प्रयासों के तहत अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत झोंकी है। हालांकि हाल ही में हुए औचक स्वच्छता सर्वेक्षण में हिसार नगर निगम तीसरे स्थान पर रहा है लेकिन अधिकारी इस प्रयास में है कि स्वच्छता रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया जा सके। इसके अलावा निगम की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में नियुक्त सफाई कर्मचारी अपने शेड्यूल के अनुसार गलियों में सफाई कर रहे हैं। इन कर्मचारियों को केवल सड़कों व गलियों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम ने स्वच्छता रैंकिंग के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए दो एजेंसियों को डोर टू डोर कचरा उठाने का ठेका दिया है। इन दोनों एजेंसियों की 149 गाड़ियां घर-घर जाकर कचरा उठा रही हैं। एक एजेंसी वार्ड 1 से 10 तक और दूसरी एजेंसी वार्ड 11 से 20 तक में घर घर जाकर कचरा कलेक्शन कर रही है। एक साथ दो एजेंसियां व 149 गाड़ियां लगाने के पीछे निगम का मानना है कि अब ऐसी कोई गुंजाइश नहीं है कि लोग सड़कों पर कचरा फेंके या कूड़े के ढेर लगाएं।

### हर नागरिक की भागीदारी जरूरी

निगम आयुक्त नीरज का कहना है कि नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतरीन बनाने के लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद इस अभियान में हर नागरिक को जुड़ने की जरूरत है। हर नागरिक को इस अभियान में हिस्सा लेकर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग देना चाहिए और यह आज के समय की जरूरत भी है।

### रेहड़ियों से पहली बार लिया जा रहा कचरा

अब तक निगम ने जो भी प्रयास किए, उसके तहत कदम तो कई उठाए गए लेकिन रेहड़ियों वालों को दरकिनार किया गया। अब पहली बार रेहड़ियों वालों से कचरा लिया जा रहा है। निगम का मानना है कि यदि रेहड़ी वाले अपना कचरा इधर, उधर फैला देंगे तो अन्य क्षेत्रों में सफाई के कोई मायने नहीं रहेंगे। शहर को साफ व स्वच्छ बनाने की मुहिम में जुटे निगम ने शहर से लगभग सभी कचरा प्वाइंटों को समाप्त कर दिया है। कुछेक स्थानों पर जरूरी कचरा प्वाइंट रखे गए हैं, जिनको समाप्त करने पर विचार किया जा रहा है।

### वेल्यू ऐडिड कोर्स निभाएंगे प्रमुख भूमिका

सरकार के निर्देशों पर शहर के महाविद्यालयों में वेल्यू एडिड कोर्स शुरू किए गए हैं। इसके तहत विद्यार्थियों को स्वच्छता से जोड़ा जाएगा। ये विद्यार्थी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएंगे। निगम के विशेष स्वच्छता अधिकारी डॉ. हरबीर सिंह इसके लिए विभिन्न कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ रहे हैं। शहरी क्षेत्र में रहने वाला विद्यार्थी अपने आपसपास के 25 घर चिन्हित करके वहां पर जागरूक करेगा। निगम का प्रयास है कि इन एक विद्यार्थी अपने आसपास के 25 घरों को जीरो वेस्ट बनाएं। विभिन्न कॉलेजों में आने वाला ग्रामीण क्षेत्र का विद्यार्थी बस अड्डा, नागरिक अस्पताल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा। उसका प्रयास होगा कि नागरिक सफाई के महत्व को समझे।

### क्या है वेल्यू ऐडिड कोर्स

कोई भी विद्यार्थी जब किसी कॉलेज से डिग्री करता है तो उसके साथ इस बार स्वच्छता को जरूरी किया गया है। विद्यार्थियों को ये अभियान चलाने के बाद नगर निगम की ओर से सर्टिफिकेट दिया जाएगा, वह सर्टिफिकेट वह अपने संस्थान पर जमा करवाएगा और उस सर्टिफिकेट के आधार पर उसे अंक दिए जाएंगे। यदि कोई विद्यार्थी यह कोर्स नहीं करेगा तो प्रमाण पत्र नहीं मिलेगा और उसके अभाव में नंबर नहीं लगेंगे। नंबर नहीं लगेंगे तो उसकी डिग्री फाइनल नहीं हो पाएगी।

### मुख्यालय की मंजूरी आते ही होंगे ये काम

उपरोक्त प्रयासों के अलावा नगर निगम ने रोड स्वीपिंग मशीन व सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की मंजूरी के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा हुआ है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही निगम टेंडर जारी करेगा और टेंडर खुलने के साथ ही रोड की सफाई स्वीपिंग मशीन से होगी और सफाई कर्मचारियों की भर्ती का रास्ता भी खुल जाएगा। निगम की ओर से मुख्यालय को भेजे प्रस्ताव में लगभग 300 कर्मचारियों की मंजूरी मांगी गई है। मुख्यालय की मंजूरी मिलने के साथ ही शहर में 300 सफाई कर्मचारी भर्ती किए जाएंगे। इन कर्मचारियों के माध्यम से गलियों को चकाचक बनाने की योजना है।

### अफसर कर रहे वार्ड अनुसार निगरानी

शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की कड़ी में अधिकारियों को भी वार्डों की संभाल का जिम्मा दिया गया है। वार्ड 1 से 10 तक की निगरानी अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल कर रही है जबकि वार्ड 11 से 20 की निगरानी डॉ. प्रदीप हुड्डा कर रहे हैं।

हिसार। रेलवे के पावर पास के पास लगी आग।

## रेलवे के पावर हाउस के पास लगी भीषण आग, सप्लाई काटनी पड़ी

- दमकल विभाग की 5 व जिंदल इंडस्ट्रीज की एक गाड़ी ने पाया आग पर काबू

**हिसार।** गांव सातरोड में साउथ बाइपास पर रेलवे के 125 केवी पावर हाउस के पास शुक्रवार की शाम अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। रेलवे के कर्मचारियों ने आग के कारण बिजली की सप्लाई को बंद कर दी। आग की लपेटें दूर तक दिखाई देने लगी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 5 गाड़ियां व जिंदल इंडस्ट्रीज की एक गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले की सूचना मिलने पर रेलवे के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। मौके पर पहुंचे रेलवे के टेक्नीशियन संदीप कुमार ने बताया कि पावर हाउस पूरी तरह सुरक्षित है, पावर हाउस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम पावर हाउस के पीछे पड़ी एसटीपी की रबर की पाइपों तथा घास-फूंस में अचानक आग लग गई। आग रेलवे के पावर हाउस की तरफ बढ़ने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने पावर हाउस की बिजली की सप्लाई काटी दी। उन्होंने दमकल विभाग व रेलवे के उच्चाधिकारियों को इस सूचना दी। दमकल विभाग की 5 गाड़ियां व जिंदल इंडस्ट्रीज की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय पर आग पर काबू पाने से रेलवे के पावर हाउस में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बता दें कि सातरोड में साउथ बाइपास पर बने रेलवे के 125 केवी पावर हाउस से 50 किमी तक बिजली सप्लाई होती है।

## कालीरावण के पास किशनगढ़ ब्रांच में मिला 40 वर्षीय महिला की शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार जिले के अग्रोहा खंड के गांव कालीरावण के पास किशनगढ़ ब्रांच नहर से लगभग 40 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ। गुरुवार शाम खेत में काम कर रहे किसान ने नहर में शव बहता देखा और पुलिस को सूचना दी। अग्रोहा थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला। महिला ने लोअर और टी-शर्ट पहनी थी तथा शरीर पर चोट के निशान मिले। शव को पहचान के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

## पिटबुल नस्ल के कुत्ते का महिला पर हमला

- नीचे गिराकर शरीर पर कई जगह काटा, अस्पताल में भर्ती

**हिसार।** गांव जुगलान में शुक्रवार सुबह पिटबुल नस्ल के एक पालतू कुत्ते ने महिला पर हमला कर दिया। कुत्ता अचानक हिंसक हो गया और महिला को जमीन पर गिराकर शरीर के कई हिस्सों पर काट लिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद महिला को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। घायल सुरेश देवी को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि वे करीब दो वर्ष पहले पिटबुल नस्ल का कुत्ता घर लाए थे। शुक्रवार सुबह कुत्ता लोहे की बेल्ट से बंधा हुआ था। सुरेश देवी उससे कुछ दूरी पर खड़ी थीं, तभी कुत्ते ने बेल्ट तोड़ दी और उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला को शरीर के कई हिस्सों पर गहरे घाव आए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। महिला का अस्पताल में उपचार जारी है।

### एचएयू का कृषि विकास मेला 28 फरवरी से

**हिसार।** हकृवि 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दो दिवसीय कृषि विकास मेला अनाज मंडी लाडवा (कुरुक्षेत्र) में लगाएगा। इस मेले का मुख्य विषय जल संरक्षण-प्रति बूंद से अधिक फसल रखा गया है, जिसका उद्देश्य किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से अवगत कराना तथा कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में प्रेरित करना है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दी।

### तनाव से शांति की ओर ध्यान सत्र कल

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस ध्यान सत्र में स्वामी संजय व मां सांची साधकों को तनाव रहित व खुशनुमा जीवन जीने के उपायों से रूबरू करवाएंगे। इसके साथ ही ध्यान विधियों का अभ्यास भी करवाया जाएगा। ध्यान सत्र के दौरान साधकों के साथ होली उत्सव के संदर्भ में भी विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### निगम ने 20 बेसहारा पशु भेजे गो अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में शुक्रवार को कई क्षेत्रों में पशु पकड़ो अभियान चलाया। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने अर्बन एस्टेट, महाबीर कॉलोनी, सेक्टर 1-4, गवर्नमेंट कॉलोनी, टिब्बा दानाशेर, डीसीएम मिल क्षेत्र से 20 बेसहारा पशु पकड़े। सभी पशु गो अभ्यारण भेजे गए हैं।

# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।

हॉलीवुड मसाला

# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।

# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।

# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।

# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।

# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*

**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।

# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी

*मुंबई। एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नवीन बूरा बंधे शादी के बंधन में

**हिसार।** घिराय निवासी और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज नवीन बूरा ने गुरुवार रात हिसार के कैमरी रोड स्थित ब्लेसिंग रिसोर्ट्स में कार्यक्रम आयोजित के बाद व संत विहार से बारात लेकर गोरखपुर गांव निवासी सिमरन के साथ सात फेरे लेकर न केवल वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की, बल्कि दहेज जैसी सामाजिक कुप्रथा को ठुकराकर समाज को जागरूक करने का भी काम किया। शुक्रवार अल सुबह करीब चार बजे विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद नवीन बूरा ने न दहेज लेंगे और न ही कभी दहेज देंगे।

### पुलिस ने उद्घोषित आरोपी को पकड़ा

**हांसी।** पीओ स्टाफ पुलिस ने चोरी के मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रेम नगर निवासी राजकुमार के रूप में हुई है। पीओ स्टाफ इंचार्ज ने बताया कि आरोपी राजकुमार के खिलाफ 16 जून 2020 को शहर थाना में चोरी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था, परंतु बाद में आरोपी अदालत में तय तिथि पर पेश नहीं हुआ और लगातार गैर-हाजिर रहने के कारण संजीव काजला की अदालत द्वारा आरोपी को उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया।

### मनरेगा मजदूर की मौत पर मुआवजे की मांग

**हांसी।** अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच द्वारा शुक्रवार को हांसी उपायुक्त की अनुपस्थिति में आफिस सुप्रिटेंडेंट धर्मवीर सिंह को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। मंच द्वारा सुपरिडेंटेंट को सौंपे गए ज्ञापन में मध्य प्रदेश में 16 फरवरी को मनरेगा कार्य करते वक्त सीने में दर्द होने के कारण हुई मनरेगा मजदूर की मौत पर मुआवजा व पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई है। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार सुलचानी ने दी।

## बीड़ बबरान धाम में नरसिंह-वामन अवतार का प्रसंग सुनाया

# धन-संपत्ति की अपेक्षा भगवान को ही मांग लें

**22 को नागोरी गेट के हनुमान मंदिर से बीड़ बबरान धाम तक निकलेगी पैदल निशान यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बीड़ बबरान धाम में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास कुमार शैलेंद्र पाराशर महाराज ने नरसिंह अवतार व वामन अवतार का प्रसंग सुनाकर भगवान की महिमा से साक्षात्कार करवाया। महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में 53वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के अंतर्गत आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा चल रही है। 22 फरवरी को हिसार के नागोरी गेट स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर से प्रातः 9 बजे मनोकामनापूर्ण भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। भक्तगण श्याम बाबा का जयघोष करते हुए और ध्वज थामे हुए हिसार से पैदल यात्रा करते हुए बीड़ बबरान धाम पहुंचेंगे। कथा व्यास शैलेंद्र पाराशर महाराज ने प्रवचन देते हुए समझाया कि भगवान केवल राक्षसों का मर्दन करने के लिए नहीं बल्कि भक्तों के प्रेम के वशीभूत होकर अवतार लेते हैं।

हिसार। बीड़ बबरान धाम में चल रही श्रीमद भागवत कथा में आरती करते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

**भगवान ही मिल गए तो कोई लालसा शेष नहीं रहेगी**

उन्होंने कहा कि इंसान हर समय धन व संपत्ति की लालसा को पाले रखता है। इसलिए वह भगवान के दरबार में पहुंचकर भी यही सब मांगता है। उन्होंने समझाया कि यदि मांगना ही है तो आराधना करते हुए अपने इष्ट से धन देने वाले मालिक यानी स्वयं भगवान को ही मांग लीजिए। जब भगवान ही मिल गए तो फिर कोई लालसा शेष नहीं रह जाएगी। भागवत कथा में शैलेंद्र पाराशर ने नरसिंह अवतार के प्रसंग से रूबरू करवाया। उन्होंने बताया कि भक्त प्रह्लाद की रक्षा करने और दंभी राक्षस हिरण्यकश्यप का वध करने के लिए भगवान विष्णु ने नरसिंह का रौद्र रूप धारण किया। शैलेंद्र पाराशर जी महाराज ने वामन अवतार प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि असुरराज बलि के अहंकार को नष्ट करने और देवताओं को उनका स्वर्ग वापस दिलाने के लिए भगवान ने वामन के रूप में जन्म लिया।

### भारतीय मजदूर संघ 25 को प्रदर्शन कर डीसी को सौंपेगा ज्ञापन

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ जिला हिसार की बैठक शुक्रवार को विद्युत सदन के प्रांगण में जिला अध्यक्ष विकास बिश्नोई की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री विक्रम श्योराण ने किया।

बैठक में हिसार विभाग प्रमुख सुनील ढिल्लो विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर 25 फरवरी को किए जाने वाले प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई तथा पदाधिकारियों व संगठनों की ड्यूटियां तय की गई। जिला मंत्री विक्रम श्योराण ने बताया कि संगठन के पूरी में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में कई अहम फैसले लिए गए व प्रस्ताव पास हुए थे। उनको लेकर 25 फरवरी को प्रदर्शन किया जाएगा तथा जिला उपायुक्त को प्रधानमंत्री व केन्द्रीय श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक मे कोषाध्यक्ष भजनलाल, विद्युत विभाग से रवि श्रीवास्तव, विकास बैनीवाल, पवन कुमार, नॉन टीचिंग से विजय कुमार, आजाद सिहं, प्रदीप कुमार,आयुष विभाग अंकित मेचु व सीपीएलओ विक्रम प्रचार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गुजवि के सात विद्यार्थियों ने उतीर्ण की नेट परीक्षा

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस कार्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर के सात विद्यार्थियों ने शीतकालीन सत्र में यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस विभाग की स्थापना वर्ष 2023 में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के नेतृत्व में हुई थी। पहले बैच से ही दो विद्यार्थियों ने यूजीसी-नेट और उन्हीं विद्यार्थियों ने अपने तीसरे सेमेस्टर में यूजीसी-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की, जो शैक्षणिक एवं शोध में बेहतरीन काम करने के लिए विभाग का एक अहम योगदान है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह सफलता विशेष तौर पर विभाग व सामान्य तौर पर विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

### व्यक्तित्व और योग्यता विकास के दिए टिप्स

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय बरवाला में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं बेहतर रोजगार अवसरों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बेहतर प्लेसमेंट के लिए व्यक्तित्व और योग्यता विकास विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान के साथ साथ व्यक्तित्व विकास और व्यावहारिक दक्षताओं का होना भी अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशलों से अवगत कराते हुए उन्हें उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी प्रशिक्षक एवं विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह ने व्याख्यान, समूह गतिविधियों तथा व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के दौरान रिज्यूमे लेखन, समूह चर्चा, मॉक इंटरव्यू, करियर काउंसलिंग तथा सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया।

### राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान सहायक सामग्री प्रतियोगिता में हिसार रहा द्वितीय

**हिसार।** पुणे (महाराष्ट्र ) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान शिक्षण सहायक सामग्री प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सातरोड खास (हिसार) की विज्ञान अध्यापिका अनीता ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा पुणे में किया गया। इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। अध्यापिका अनीता द्वारा घर्षण पर बनाई गई सहायक सामग्री जोकि कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है, को दूसरा पुरस्कार दिया गया। विजेता को 17500 रुपये की राशि एवं ट्रॉफी भेंट की गई। इस उपलब्धि पर आज विद्यालय पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य ताराचंद, स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं द्वारा प्रातःकालीन सभा में पुष्प मालाओं से अनीता को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ताराचंद ने उनकी पढ़ा की प्रभावशाली शिक्षण विधियां की सराहना की।

### एचएसबी के एमबीए विद्यार्थी राहुल को स्टार्टअप हरियाणा से 8.5 लाख रुपये की फंडिंग

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) के प्रथम वर्ष के एमबीए विद्यार्थी राहुल ने उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने स्टार्टअप के लिए स्टार्टअप हरियाणा, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा सरकार से 8.5 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने राहुल की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा उनके प्रयासों को मिली यह मान्यता उनके स्टार्टअप को सुदृढ़ दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस एवं पीडीयूआईआईसी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी नवाचारपूर्ण विचारों के साथ आगे आने के लिए प्रेरित करेंगी। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है, जो विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करे और उन्हें आत्मनिर्भर, नवाचारी तथा देश के विकास का वाहक बनाए। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय में विकसित किए जा रहे सशक्त उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र तथा राष्ट्र निर्माण के लिए सक्षम मानव संसाधन और आर्थिक संपदा तैयार करने के सतत प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है।

### एनआईआरसी हिसार ब्रांच करेगी सेमिनार

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 22 फरवरी को जिंदल स्टेनलेस स्थित तुलसी भवन ऑडिटोरियम में बजट 2026 पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में प्रोग्राम डायरेक्टर सीए संजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान टैक्स गुरु सीए डॉ. गिरीश आहूजा मुख्य वक्ता होंगे और सीए पंकज मिश्रा अतिथि वक्ता रहेंगे। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सेमिनार में बजट के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### उपचुनावों के लिए प्रारूप मतदाता सूची जारी करने का कार्यक्रम घोषित

**हिसार।** हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 163 तथा धारा 212(1) एवं हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत नवगठित ग्राम पंचायतों तथा संबंधित उप-चुनावों के लिए वार्डवार मतदाता सूचियों के प्रकाशन/अद्यतन के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि इन निर्देशों के अनुसार जिले के ब्लॉक आदमपुर, जिला हिसार की ग्राम पंचायत मंडी आदमपुर एवं जवाहर नगर के लिए एनेक्चर डी में दर्शाए गए ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों में सरपंच/पंच के उप-चुनावों के लिए मतदाता सूचियां तैयार/अद्यतन की जाएंगी। यह कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के आधार पर किया जाएगा।

# समाधान शिविर में अब तक 3933 शिकायतों का किया निपटान, 1460 रिजेक्ट, 430 लंबित

- लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए डीसी ने विभागाध्यक्षों को दिए दिशा-निर्देश
- डीसी ने की समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। वीसी के दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर के दौरान अब तक जिला हिसार में कुल 5 हजार 823 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3 हजार 933 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 1460 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई, जबकि 430 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। शुक्रवार को लघु सचिवालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह जानकारी दी।

बैठक के उपरांत उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आरंभ किए गए समाधान शिविर के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर सरकार की पैनी नजर है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को औपचारिकता नहीं बल्कि जिम्मेदारी समझते हुए निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए तथा हर मामले में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो।

### एक्शन टेकन रिपोर्ट तुरंत पोर्टल पर अपलोड करें

उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के बाद उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट को तुरंत समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड किया जाए। बिना एटीआर के किसी भी शिकायत को निस्तारित मान्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा इस मामले में लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, जिला सूचना अधिकारी दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हांसी नागरिक अस्पताल में मीडिया की एंट्री पर रोक, फिर आदेश वापस

**हांसी।** नागरिक अस्पताल प्रशासन ने शुक्रवार को नोटिस बोर्ड पर एक नोटिस चस्पा कर अस्पताल में मीडिया कर्मियों की एंट्री बैन लगा दिया था। नागरिक अस्पताल प्रशासन ने अस्पताल परिसर में एंट्री को लेकर नई नीति लागू की। इस आदेश के तहत, कोई भी मीडिया कर्मी बिना परमिशन के अस्पताल परिसर में नहीं जा सकेगा।

मामला तूल पकड़ते देख अस्पताल प्रशासन ने दोबारा लैटर जारी कर अपने आदेश को वापस ले लिया। अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी "पॉलिसी फॉर रेस्ट्रिक्शन ऑफ मीडिया पर्सन इनसाइड प्रिमाइसेस ऑफ एसडीसीएच-हांसी नाम की नीति में स्पष्ट किया गया था कि मीडिया का सामान्य रूप से अस्पताल में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। विशेष अवसरों पर और सक्षम अधिकारी से पहले परमिशन लेनी होगी, उसके बाद ही एंट्री मिलेगी। नीति के अनुसार, मीडिया प्रतिनिधि को निर्धारित तिथि और समय के लिए ही पास जारी किया जाएगा। यह प्रवेश केवल विशेष उद्देश्य के लिए मान्य होगा। यह आदेश अस्पताल परिसर के सभी विभागों और क्षेत्रों में प्रभावी रहेगा।



Policy for Restriction of Media Person inside Premises of SDCH-Hansi



Press Note

**हांसी।** नागरिक अस्पताल प्रशासन द्वारा मीडिया कर्मियों के प्रवेश को लेकर चस्पा किया गया नोटिस तथा उसके बाद दोबारा जारी किया गया लेटर।

### वायरल हुआ नया रूल

एसएमओ द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद अस्पताल परिसर में मीडिया की स्वतंत्र आवाजाही पर कंट्रोल किया गया था। अब तक मीडिया कर्मियों और अस्पताल कर्मचारियों के बीच किसी विवाद की जानकारी सामने नहीं आई, लेकिन यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर मीडिया कर्मियों की अस्पताल में बिना परमिशन एंट्री बैन करने का मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

**अधिकारियों और कर्मियों को जिम्मेदारी के निर्देश:** अस्पताल प्रशासन, हाउसकीपिंग, सपोर्ट सर्विसेज और सुरक्षा कर्मियों को इस नीति को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विशेष रूप से एमएस, क्वालिटी नोडल ऑफिसर, सपोर्ट सर्विसेज और सुरक्षा विभाग को अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इस संदर्भ में अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि यह कदम अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने और प्रशासनिक मानकों के अनुरूप कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### ऐसा आदेश जारी नहीं हो सकता: एसडीएम

नागरिक अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी आदेश को लेकर जब एसडीएम राजेश खोथ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जब यह मामला उनके संज्ञान में आया तो उन्होंने तुरंत एसएमओ से इस बारे में बात की कि ऐसा आदेश जारी नहीं किए जा सकते। इसके बाद ऐसा एसएमओ ने एक ओर लेटर जारी किया गया है जिसमें यह कहा गया कि आईसीयू, शवगृह और ऑपरेशन थिएटर के अलावा कहीं भी मीडिया पर्सन की कोई एंट्री बैन नहीं है।

### छात्राओं को किया जागरूक

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के सौजन्य से एक व्याख्यान को आयोजन किया गया। इस मौके पर सीआर लॉ कॉलेज की असिस्टेंट प्रो. डॉ. पूनम चहल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके मौलिक अधिकारों के बारे में बताया और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। जीवन जीने के अधिकार के माध्यम से बताया कि गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए सजगता की आवश्यकता होती है। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने छात्राओं को अपने अधिकारों का सही तरीके से इस्तेमाल एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने के बारे में बताया।

## डिजिटल साक्षरता आज की मूलभूत जरूरत बनी : लोढ़ा

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भिवानी रोहिल्ला की एनएसएस यूनिट द्वारा चल रहे सात दिवसीय एन एस एस शिविर का समापन किया गया। शिविर के अंतिम दिन पंजाब नेशनल बैंक हिसार में मैनेजर प्रदीप लोढ़ा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल साक्षरता आज की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। इसके माध्यम से न केवल शिक्षा और रोजगार के नए अवसर खुलते हैं, बल्कि नागरिक सरकारी सेवाओं और डिजिटल सुविधाओं का लाभ भी आसानी से उठा सकते हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एन एस एस के माध्यम से हम निस्वार्थ भाव से किसी की सहायता करना सीखते है। एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा ने शिविर के सातों दिन छात्राओं द्वारा किए गए कार्यो की विस्तृत जानकारी दी।

## भाजपा जिला कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# कार्यकर्ता प्रशिक्षण से ही बनते हैं नेता : सुरेंद्र पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा कार्यालय में प.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया व प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य मुख्य वक्ता रहे। सभी कार्यकर्ताओं का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया। मुख्य वक्ता एवं प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता प्रशिक्षण के माध्यम से ही नेता बनते है। समय-समय पर प्रशिक्षण लेकर कार्यकर्ता अपडेट होता है। प्रशिक्षण हमारी रीढ़ है जिसकी महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता को तराशने की प्रक्रिया है। हमें मंडल स्तर तक सशक्त, प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता तैयार करना है। मुख्य वक्ता प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि यह महा अभियान व्यक्ति से राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के संकल्प को सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्रशिक्षण से मिली जानकारी से अपडेट होकर सशक्त, प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता बनें।

हिसार। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया।

### प्रदेश में दो लाख कार्यकर्ताओं को करेंगे प्रशिक्षित

जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर बारे जानकारी देते हुए हर पहलू पर विस्तारपूर्वक बात रखी। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि जिले के सभी मंडलों में एक ही समयावधि में यह प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसी के चलते 7 मार्च से 14 अप्रैल तक पूरे देश में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा। हरियाणा में करीब दो लाख कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण टोली जिला प्रमुख कृष्ण सरसाना, सह प्रमुख सरोज सिहाग, नरेश नैन, जितेन्द्र जोग, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री अनूप धानक, श्रीनिवास गोयल, मेयर प्रवीण पोपली, उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, अनिल सैनी, भूपेन्द्र पनिहार, मुनीष ऐलावादी, प्रवक्ता पीयूष मेहता, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सोशल मीडिया अमर पातड़, आईटी प्रमुख सुरेश जांगड़ा, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, सतीश सुरलिया, राजकुमार इंदौरा, अजय बैनीवाल सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, शक्ति केन्द्र प्रमुख, मोर्चा अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इनेलो के संघर्ष से झुककर सरकार ने बहाल की बुजुर्गों की पेंशन : लोहान

**हांसी।** इनेलो द्वारा शुक्रवार को बजरंग आश्रम में बुजुर्ग विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय जैन ने की, जबकि पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद सिंह लोहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में बुजुर्गों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन तथा उनके अधिकारों की रक्षा के संकल्प को दोहराया गया। उमेद लोहान ने कहा कि यह दिन उन बुजुर्गों की जीत का प्रतीक है, जिनकी पेंशन काटी गई थी और लंबे संघर्ष के बाद उसे बहाल करवाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय जैन, सतबीर सिसाय, सतपाल चहल, राजेश बिल्लू, एडवोकेट दयानंद बुडाना, आजाद जांगड़ा, ध्रुव जांगड़ा, प्रकाश मसूदपुर, विकास डाटा, रामपाल लौरा, राजेश पेटवाड़, वेदपाल सिंह, महावीर मोर, बिल्लू मदनहेड़ी, कुलबीर ढील्लू, सुनील दलाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डॉ. सतरूप ढांडा उच्च शिक्षा परिषद के सदस्य मनोनीत

**हिसार।** डॉ. सतरूप ढांडा को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। इससे पहले डॉ सतरूप ढांडा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को हरियाणा के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में सुचारू रूप से कार्यान्वित करने वाली कमेटी के सदस्य के तौर पर भी कार्य कर रहे हैं। साथ ही, वे हरियाणा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों की शिक्षण व प्रबंधन कार्यों की समीक्षा समिति में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और मुख्यमंत्री नायब सैनी के ओएसडी राज नेहरू के साथ समिति सदस्य के तौर पर कार्य कर रहे हैं। पूर्व में डॉ सतरूप ढांडा जाट शिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक के तौर पर कार्य कर चुके हैं और वर्तमान में भी जाट शिक्षण संस्थान के कार्यकारी सदस्य के तौर पर कार्य कर रहे हैं।

डॉ. सतरूप ढांडा।

### संघ के प्रति जागरूकता लाने को दिखाई फिल्म

**हिसार।** सेक्टर 14 एसोसिएशन पॉकेट बी के प्रधान गौरव बंसल ने स्थानीय लोगों में आरएएस में जागरूकता लाने के लिए आरएसएस के सौ साल पूरे होने पर लोगों को शतक मूवी दिखाई है। लोगों को फिल्म दिखाने का यह तात्पर्य था कि लोगो में आरएसएस की अग्रणी भूमिका का बारे में विस्तार से जानकारी दिखाना है। प्रधान गौरव बसंल के बताया कि लोगों को फिल्म दिखाने का उद्देश्य आरएसएस के इतिहास मूल्यों और समाज में उसके योगदान को दिखाना है फिल्म के डायरेक्टर आशीष माल है प्रोड्यूसर वीर कपूर है। इसमें आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और उनके विचारों को दिखाया गया है।

### प्रदीप श्योराण आप के हलका अध्यक्ष नियुक्त

**उकलाना।** आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन विस्तार के तहत दौलतपुर निवासी प्रदीप श्योराण को हलका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद प्रदीप श्योराण ने पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संयोजक, डॉ. संदीप पाठक, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री तथा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

### अस्थायी नियुक्तियों में आरक्षण का स्वागत

**उकलाना।** पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव तथा सेवानिवृत्त मुख्य लेखाधिकारी बलबीर सिंह भुम्बक ने केंद्र सरकार द्वारा देश की सभी विश्वविद्यालयों एवं संबद्ध कॉलेजों में अध्यापन, गैर-अध्यापन तथा प्रशासनिक पदों पर 45 दिन या उससे अधिक अवधि की अस्थायी नियुक्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण 1 अप्रैल 2023 से लागू करने के निर्णय का स्वागत किया गया है। प्रदेश महासचिव ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## नर्सिंग कॉलेज छात्राओं का माइग्रेशन व कॉलेज अलॉटमेंट मामला

# अल्टीमेटम खत्म, छात्राएं आज से शुरू करेंगी क्रमिक अनशन

**24 फरवरी को किया जाएगा विधायक आवास का घेराव, माइग्रेशन सर्टिफिकेट नहीं मिलने जारी रखेंगी धरना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

**हांसी।** विधायक आवास के बाहर धरने पर बैठे मजदूर किसान संगठन सदस्य व नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं।

विधायक आवास के बाहर माइग्रेशन की मांग को लेकर धरने पर बैठी छात्राओं का धरना शुक्रवार को आठवें दिन भी जारी रहा। विधायक विनोद भयाना ने चार दिन पूर्व छात्राओं का शुक्रवार तक माइग्रेशन सर्टिफिकेट व कॉलेज अलॉटमेंट लेटर जारी होने का आश्वासन दिया दिया था, लेकिन आश्वासन की समयावधि बीत जाने के एक दिन बाद भी मांगें पूरी नहीं होने के बाद छात्राओं के समर्थन में मजदूर, किसान व खाप पंचायत एकजुट हो गई हैं।

शुक्रवार दोपहर बाद धरना स्थल पर किसानों और खाप प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया गया कि शनिवार से 5-5 छात्राएं रोजाना क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठेंगी। जब तक छात्राओं की मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका क्रमिक अनशन जारी रहेगा। वहीं मीटिंग में फैसला लिया गया कि यदि सरकार व प्रशासन द्वारा 23 फरवरी तक भी छात्राओं को माइग्रेशन सर्टिफिकेट व कॉलेज अलॉटमेंट लेटर जारी नहीं किए गए तो विधायक विनोद भयाना के आवास का घेराव किया जाएगा। विधायक आवास के घेराव के लिए किसान व खाप पंचायतों द्वारा तीन टीमों का गठन किया है तथा यह टीम विधायक आवास के घेराव को लेकर रणनीति तैयार करेंगी और धरना स्थल पर अधिक से अधिक मजदूर व किसान संगठन के सदस्यों को धरनास्थल पर आने के लिए प्रेरित करेंगी। वहीं पिछले 8 दिनों से विधायक आवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी छात्राओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती उनका क्रमिक अनशन व धरना जारी रहेगा। छात्राओं ने कहा कि अब माइग्रेशन व कालेज अलाटमेंट लेटर लिए बिना उनका धरना और आंदोलन किसी भी हालत समाप्त नहीं किया जाएगा।

### विधायक ने दिया था तीन दिन का आश्वासन

भारतीय किसान मजदूर यूनियन प्रधान सुरेश कौथ ने बैठक के बाद बताया कि 16 फरवरी की शाम विधायक विनोद भयाना ने धरना स्थल पर पहुंचकर बताया था कि माइग्रेशन फाइल पर मुहर लग चुकी है और तीन दिनों के भीतर 166 छात्राओं को माइग्रेशन व कॉलेज अलॉटमेंट मिल जाएगा। उन्होंने 19 फरवरी तक का समय मांगा था।

### विधायक आवास की कड़ी की सुरक्षा

उधर, शुक्रवार को विधायक आवास के बाहर किसान व खाप पंचायतों की मीटिंग के मद्देनजर पुलिस ने विधायक आवास व धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। छात्राओं के समर्थन में खाप और किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा धरने पर बैठी छात्राओं का अब तक माइग्रेशन और कॉलेज अलॉटमेंट लेटर जारी न करने पर नाराजगी व्यक्त की।

# हांसी बस स्टैंड को ओवरफ्लो सीवरेज की समस्या से जल्द मिलेगी निजात

- डीसी ने दिए बस स्टैंड की सीवर लाइन को मुख्य सीवरेज हॉल से जोड़ने के निर्देश
- डेडलाइन भी की निर्धारित, लगभग 200 मीटर लंबी नई सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी
- 22 फरवरी से कार्य शुरू करके 24 तक समस्या का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा।

राहुल नरवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

बस स्टैंड को बहुत ही जल्द सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से निजात मिलने जा रही है। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए बस स्टैंड की सीवरेज लाइन को मुख्य हॉल से जोड़ा जाएगा। और इसके लिए लगभग 200 मीटर लंबी नई सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि बस स्टैंड पर सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान करने को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आगामी 24 फरवरी तक इस समस्या का स्थाई समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी ने बताया कि डीसी राहुल नरवाल के निर्देशानुसार 22 फरवरी यानी रविवार को इस कार्य पर काम शुरू किया जाएगा और निश्चित रूप से निर्धारित समय सीमा 24 फरवरी तक इस समस्या का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस कार्य को करने के लिए दो-तीन बार प्रयास किया जा चुके हैं लेकिन हैमर मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण यह काम शुरू नहीं किया जा सका। अब यह मशीन उपलब्ध हो गई है। इसके चलते रविवार से काम शुरू हो जाएगा।

### हैमर मशीन की कमी आ रही आड़े

उन्होंने बताया कि 200 मीटर लंबी नई सीवरेज लाइन बिछाकर इसे सीधा मुख्य लाइन से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य में हैमर मशीन की कमी आड़े आ रही थी। इस मशीन का प्रयोग नीचे सीसी सड़क को तोड़ने के लिए किया जाएगा। कार्यकारी अभियंता त्यागी ने बताया कि बस स्टैंड पर सीवरेज पंपिंग स्टेशन की पाइप को जिस चैंबर से जोड़ा गया था। इसका साइज बहुत छोटा है। जिसके कारण सीवरेज लाइन ओवरफ्लो हो रही थी। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड की सीवरेज लाइन को मुख्य सीवरेज हॉल से जोड़ने पर अब समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

# स्वयंसेवक दूसरों के मददगार बनें

- जाट कॉलेज में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। यह साप्ताहिक विशेष शिविर 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं भीम अवार्डी कृष्ण कुमार गोदारा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भावना तथा सेवा भावना राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। जरूरत के समय किसी द्वारा की गई मदद को कोई व्यक्ति कभी नहीं भूलता। उन्होंने स्वयंसेवकों से दूसरों की मदद करने वाला बनने का आह्वान किया। शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट शिक्षण संस्था के प्रधान दिलदार सिंह पूनिया ने की। कॉलेज प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने उपस्थितजन का विद्यिवत स्वागत किया।

# बाजारों से हटवाया अतिक्रमण

- अतिक्रमण पाए जाने पर दुकानदारों का सामान जब्त

**हिसार।** अतिक्रमण हटवाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। अभियान का उद्देश्य मुख्य मार्गो व मार्केट में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करना और आम नागरिकों को होने वाली परेशानी से राहत दिलाना। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को अभियान की शुरूआत रेड स्क्वेयर मार्केट से अतिक्रमण हटाकर की।

### सामान दुकान की परिधि में रखें दुकानदार

इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटवाया। इसके साथ टीम ने बस स्टैण्ड के आस-पास के क्षेत्र, ऋषि नगर से अतिक्रमण हटवाया। इसके साथ ही ऑटो मार्केट में अतिक्रमण हटाया गया। सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि इस दौरान टीम ने गुलाब सिंह चौक के पास से दुकानदारों के द्वारा सड़क पर अतिक्रमण पाए जाने पर सामान जब्त किया गया। उन्होंने दुकानदारों को सामान दुकान की परिधि रखने के लिए कहा। इसके बावजूद वह सामान नहीं हटाते है तो नगर निगम द्वारा नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेंगा और सामान जब्त भी किया जाएगा।

# जनरल डांस-सोलो में मानसी रही अव्वल

- राजकीय महिला महाविद्यालय में झंकार उत्सव कार्यक्रम की रही धूम
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने से होता है व्यक्तित्व विकास: बराला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

**हिसार।** मुख्य अतिथि सांसद सुभाष बराला को स्मृति चिन्ह देते आयोजक व अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये न केवल उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित करते हैं। यह बात राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित झंकार उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झंकार उत्सव प्रतिभा, उत्साह और सौहार्द्र का अनुपम संगम सिद्ध होगा। सभी छात्राएं हमारे देश का भविष्य हैं। उन्होंने छात्राओं से आहवान किया कि वे भारत को सही दिशा में प्रगति की ओर अग्रसर करना और विकसित देश-प्रदेश में अपनी भूमिका निभाएं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतबीर सिंह सांगा ने छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि यह उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, रचनात्मकता और बहुआयामी प्रतिभाओं का सशक्त मंच है।

### यह रहे परिणाम

कार्यक्रम में जनरल डांस-सोलो में पहले स्थान पर मानसी, दूसरे पर कुसुम,व तीसरे स्थान पर योगिता यादव रही। ग्रुप सिंगिंग में प्रथम उपासना, द्वितीय राधा, तृतीय खुशी रही। इसी प्रकार फाइन आर्ट के इवेंट रंगोली में प्रथम तमन्ना, द्वितीय मोनिका, तृतीय वदंना व पोस्टर मेकिंग में पहले स्थान इशिता, दूसरे पर कामाक्षी, सिमरन तीसरे स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में हीना, अंजलि व कुसम की टीम, दूसरे स्थान साक्षी, कामाक्षी व इशिता की टीम तथा अनीशा, आंचल व मनजीत की टीम तीसरे स्थान पर रही।

## महिला पतंजलि योग समिति, हिसार जिला समिति का नवीनीकरण संपन्न

**हिसार।** महिला पतंजलि योग समिति की जिला समिति की महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 1-4 स्थित चौधरी सूरजमल एंक्लेव में संपन्न हुई। बैठक में राज्य प्रभारी अमर रवीश की गरिमामयी उपस्थिति में जिला समिति का नवीनीकरण किया गया। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के प्रवक्ता सुरेन्द्र हिन्दुस्तानी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से योग शिक्षिका नीतू रानी को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। तारा देवी को कोषाध्यक्ष, शालू को मीडिया प्रभारी, सरोज को तहसील हिसार-1 का प्रभारी, कमलेश को हिसार-2 की प्रभारी तथा कृष्ण को संवाद प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी कविता शर्मा, मास्टर राजवीर, महेंद्र सिंह सिंधु, राजेश सहित अन्य योग शिक्षक एवं योग शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।

## भाजपा देश को बर्बाद करने में लगी: डॉ. शिवदासन

- अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन का खुला अधिवेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना

अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय सचिव एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. वी. शिवदासन ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए मेहनतकश जनता के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। बजट में खेती, पशुपालन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के मद में कटौती की जा रही है, जबकि कॉरपोरेट घरानों के टैक्स माफ किए जा रहे हैं। ये पंजाबी धर्मशाला में आयोजित यूनियन के दो दिवसीय हरियाणा राज्य सम्मेलन के खुले अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खेत एवं ग्रामीण मजदूर वास्तव में अन्नदाता हैं, जो किसान के साथ मिलकर खेतों में अन्न, सब्जियां और फल-फूल पैदा करते हैं, लेकिन आज वही दाने-दाने को मोहताज हैं। उन्होंने केरल की वामपंथी सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां जनता के अधिकारों की रक्षा, बीए तक मुफ्त शिक्षा और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य अध्यक्ष जगमाल सिंह द्वारा ध्वजारोहण से हुई। मंच संचालन राज्य महासचिव प्रेमचंद ने किया।

### जनविरोधी है सरकार

अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ. विक्रम सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का चरित्र पूरी तरह जनविरोधी और देशविरोधी है। इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, सीटू के राज्य महासचिव जयभगवान, जनवादी महिला समिति की नेता शकुंतला जाखड़, बी. वैंकेट, रामकुमार बहबलपुरिया, राजेंद्र छोक्कर, रोहतास राजली, संदीप कुमार, सुनीता देवी, दिनेश सिवाच, बलबीर सिंह नम्बरदार, शमशेर सिंह नम्बरदार आदि थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को मिला सम्मान

- जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**हिसार।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा हिसार द्वारा जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गुरु गोरखनाथ जी महाविद्यालय, राजगढ़ रोड, हिसार के समागार में किया गया। शिविर में जिले के 2 विश्वविद्यालयों एवं 18 महाविद्यालयों से लगभग 120 यूथ स्वयंसेवकों एवं काउंसलरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में सांस्कृतिक, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला नागरिक अस्पताल की टीम द्वारा रक्त जांच शिविर आयोजित किया गया तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा रैली भी निकाली गई। समापन समारोह में हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ के महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

## राजस्व अधिकारियों को दी पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी

**हिसार।** हिपा के डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर में शुक्रवार को ऑनलाइन सेवाओं को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हिसार डिवीजन के विभिन्न जिलों के जaलि राजस्व अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों व कर्मचारियों के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना है। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी शिव प्रसाद शर्मा, प्रोफेसर आरके पटेल व डीएन चहल नें प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी शिव प्रसाद शर्मा ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को सेवा का अधिकार अधिनियम, सीपीग्राम, एसएमजीटी, सीएम विंडों जैसी विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं और संबंधित पोर्टल्स के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि उक्त प्लेटफार्म पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध ढंग से निपटान किया जाना अनिवार्य है। केंद्र व राज्य सरकार समय-समय पर आमजन के लिए कई प्लेटफार्म उपलब्ध करवाए गए है ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## प्रतियोगिताओं की विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका: प्राचार्य

- दयानंद कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**हिसार।** दयानदं कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की साहित्यिक सोसायटी (इंग्लिश लिट्रेरी सोसायटी) की ओर से अंग्रेजी लैब में एक ज्ञानवर्धक एवं रोचक क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, ज्ञानार्जन एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) यशु राय तायल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। क्विज प्रतियोगिता में कुल छह टीमों (टीम 1 से टीम 6) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत परिणाम घोषित किए गए जिनमें विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता परिणाम में प्रथम स्थान टीम 5 की सुनील रानी (एमए फाइनल) एवं अंजू (एमए फाइनल), द्वितीय स्थान टीम 6 की तानी (बीए इंग्लिश ऑनर्स, द्वितीय वर्ष) एवं आयुषी (बीए इंग्लिश ऑनर्स, द्वितीय वर्ष), तृतीय स्थान टीम 4 की पूजा (बीए इंग्लिश ऑनर्स, द्वितीय वर्ष) एवं मनु (एमए प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

# स्वयं को नियंत्रित करके तनाव को कर सकते हैं नियंत्रित : प्रो. विश्वास

- गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'तनाव प्रबंधन' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

**हिसार।** गुजवि में कार्यक्रम का उद्घाटन करती मुख्य वक्ता प्रो. उर्मी नंदा एवं अन्य अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर काउंसलिंग एंड वैल-बींग के सौजन्य से 'तनाव प्रबंधन' विषय पर विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो. उर्मी नंदा विश्वास मुख्य वक्ता रही जबकि अध्यक्षता सेंटर फॉर काउंसलिंग एंड वैल-बींग के निदेशक प्रो. संदीप राणा ने की। मुख्य वक्ता प्रो. उर्मी नंदा विश्वास ने अपने संबोधन में कहा कि तनाव के कारक तो आपके नियंत्रण में नहीं हैं, लेकिन आप स्वयं को नियंत्रित करके तनाव को नियंत्रित कर सकते हैं। तनाव हमेशा खराब नहीं होता। हमें समझना है कि आखिर तनाव होता कैसे है। कई बार तनाव एक सर्वाइवल मैकेनिज्म भी होता है। ज्यादातर बार यह बिना वजह के भय के कारण होता है। काल्पनिक भय तनाव को जन्म देकर हमारे शरीर, मन और स्वास्थ्य से संबंधित बहुत सी बिमारियां पैदा करता है। खुद की बजाय अगर आप लोगों के मतों को महत्व देंगे, तो तनाव निश्चित तौर पर बढ़ेगा।प्रो. उर्मी नंदा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को समझाया कि तनाव को पैदा करने वाले हार्मोन किस प्रकार रिलीज होते हैं और तनाव के लक्षण क्या होते हैं।

### अपनी ताकत को समझें

निदेशक प्रो. संदीप राणा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि मन की स्थिति को मजबूत करके ही खुद को बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी खुद की ताकत, कमजोरियों और प्राथमिकताओं को समझें व जाने। उन्हीं के हिसाब से खुद का प्रबंधन करें। अपने बारे में जागरूक होना ही तनाव से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। डा. तरूणा ने धन्यवाद किया। व्याख्यान कार्यक्रम में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### राजथल से बकरी चुराकर चोर हुए फरार, मामला दर्ज

**नारनौंद।** गांव राजथल में पशुबाड़े से चोर रात के अंधेरे में बकरी चुरा कर फरार हो गए। गांव राजथल निवासी महेंद्र ने बताया कि 17 फरवरी की रात को वह अपने पशु बाड़े में सभी बकरियां और बकरे को अंदर करके सो गया था। जब सुबह उठकर देखा तो दो बकरियां और एक बकरा गायब थे। आसपास काफी तलाश की गई लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है।

I.D. DAV JUNIOR PUBLIC SCHOOL
SEC. 14, HISAR (01662-310316)
Invites sealed quotations from reputed and registered Outsource Agencies for providing Sweepers, Peon/Aaya, Drivers, Watchman & Mali on an outsourcing basis for the academic session 2026–27.
The agency must be registered and comply with all Government norms including EPF, ESI, and other statutory requirements. Interested agencies may submit their quotations along with registration details in the school office during working hours upto 5th march.